पेज थ्री देहरादून

देहरादून शुक्रवार 7 अगस्त 2020 पेज 8

हमारा दून


एनएसयूआई केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला किया दहन करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर दो महिला कोरोना पॉजीटिव

**संवाददाता** देहरादून। गुरुवार को मुंबई व पंतनगर से आने वाले दो महिलाओं की एयरपोर्ट पर हुई जांच में कोरोना पॉजिटिव पाई गई। जिन्हें देहरादून सर्वे चौक स्थित तीलू रौतेली भवन में बने कोविड वार्ड में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इसमें एक मुंबई से आने वाली 72 साल की वृद्ध महिला है।

### डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। जिला कार्यालय में जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज आयोजित जनसुनवाई के दौरान 15 शिकायतेंध्समस्याएं आम लोगों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिनमें मुख्य रूप से भूमि सम्बन्धी, शस्त्र लाईसेंस, पैट्रोल पम्प एनओसी, हेंडपंप स्थापना, पुस्ता निर्माण, जल भराव, भू धंसाव, स्कूल फीस, अवैध प्लाटिंग, दाखिल खारिज, गन्दगी की सफाई को लेकर प्रमुखता से रही। जनसुनवाई के दौरान टर्नर रोड निवासी धीरज सिंह द्वारा भूमि के दाखिल खारिज करवाने का मामला उठाया इस पर जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही के निर्देश तहसीलदार को दिये।

### कोरोना से सम्बन्धित प्रकरणों पर लिया जाया बेहतर संज्ञानः जिलाधिकारी

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड–19, डेंगू–मलेरिया नियंत्रण रोकथाम व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को उपरोक्त निर्देश दिये। कोरोना से सम्बन्धित मामलों में संदिग्ध की त्वरित सेम्पलिंग, रिपोर्टिंग व इलाज को और बेहतर बनायें तथा कोमोर्बिडिटी पेशेन्टस की भी लगातार निगरानी रखें। इसके अतिरिक्त कोरोना से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने वाले लोगों का पोर्टल पर दैनिक विवरण अपडेट करते रहें साथ ही उनको नियमित रूप से स्क्रीनिंग/फालोअप कर उनकी कुशलक्षेम लेते रहें।

### उत्तरकाशी में 41 लोगों की रिपोर्ट आई कोरोना पॉजिटिव

**संवाददाता** देहरादून। सीमांत जनपद उत्तरकाशी में कोरोना सीमांत क्षेत्र तक पहुंच चुका है। गुरुवार को 41 की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। जनपद में कोरोना पॉजिटिव की संख्या 346 पहुंच चुकी है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने बौन इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन सहित गढ़वाल मंडल विकास निगम के मनेरी और उत्तरकाशी के अतिथि गृह को आइसोलेशन में तब्दील कर दिया है।

# जिलाधिकारी ने किया कोरोना वारियर्स को सम्मानित

**सम्मान**

■ किसी भी बड़े और पवित्र उद्देश्य की सफलता के पीछे होती है एक बेहतर टीमः डीएम

**संवाददाता**



देहरादून। राजपुर रोड अवस्थित एक स्थानीय होटल में जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा 'दिव्य हिमगिरि' संस्थान की ओर से आयोजित कोरोना वारियर्स बधाई सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया तथा कोविड–19 में विभिन्न पृष्ठभूमि के सरकारी–गैर सरकारी व्यक्तियों द्वारा किये गये महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी महामारी से लड़ाई में सक्रिय सहयोग देने की प्रेरणा दी गयी।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कोरोना वारियर्स को सम्मानित करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी बड़े और पवित्र उद्देश्य की सफलता के पीछे एक बेहतर टीम का हाथ होता है। दून में कोरोना से जूझने के लिए किये जाने वाले पूर्वोपायों, आपदा के दौरान और वर्तमान समय तक जारी राहत एवं सुध ाारात्मक प्रयासों में सभी लोगों सरकारी और गैर सरकारी दोनों की प्रशंसनीय भूमिका रही है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। बधाई के पात्र न केवल सभी कोरोना वारियर्स हैं बल्कि कोविड–19 में बेहतर प्रसास करने वाले व कोरोना वॉरियर्स को समय–समय पर प्रेरित और प्रोत्साहन करने वाले दिव्य हिमगिरि पत्रिका के सम्पादक कुंवर राज अस्थाना और उनकी टीम भी अपने आप में कोरोना वॉरियर्स हैं, जिन्होंने समय–समय पर सरकारी और गैर सरकारी दोनों पृष्ठभूमि के लोगों का लगातार कोविड–19 से जूझने के लिए प्रोत्साहित किया और दोनों मशीनरी को कोरोना महामारी से निपटने हेतु सहयोग करने के लिए एकत्रित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूॅ कि मैं जनपद में ऐसी टीम का नेतृत्व कर रहा हूॅ जो अपने कार्यों के प्रति समर्पित सेवाभाव से लगातार कार्य कर रहे हैं, जिस कारण अभी तक जनपद में हम कोरोना के मामलों को बेहतर तरीके से मैनेज कर पाये।

जिलाधिकारी ने कोविड–19 महामारी से निपटने में सूचना विभाग और मीडिया द्वारा किया जाने वाला सूचना का व्यापक, त्वरित प्रमाणिक, स्पष्ट और संक्षिप्त विवरण लोगों को नियमित प्रसारित करने और जागरूक करने की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल ने कहा कि जनपद में कोरोना को बेहतर तरीके से हैण्डिल करने के पीछे जिलाधिकारी महोदय की प्रभावी और सक्रिय लीडरशिप रही। उन्होंने कहा कि हमें आगे भी जिलाधिकारी को कोविड–19 से लड़ने के लिए अपना और बेहतर सहयोग प्रदान करते रहना होगा।

### उत्तराखंड में कोरोना संक्रमितों की मौत का आंकड़ा पहुंचा 102


**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमितों की मौत का आंकड़ा 102 हो गया है। एम्स ऋषिकेश में भर्ती एक और मरीज की गुरुवार शाम कोरोना से मौत हो गई । 24 घंटे के भीतर यहां दो मरीजों की मौत हो चुकी है। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल ने बताया कि उत्तरप्रदेश के नजीबाबाद निवासी 58 वर्षीय व्यक्ति जो कि बीती एक अगस्त को बुखार, कोविड निमोनिया व सांस लेने में लकलीफ की शिकायत के साथ मैक्सवेल हॉस्पिटल हरिद्वार से रेफर होकर एम्स ऋषिकेश की इमरजेंसी में आया था। जिसका हरिद्वार में कोविड टेस्ट पॉजिटिव पाया गया था। संस्थान में मरीज की दोबारा कोविड जांच की गई व उसे कोविड वार्ड आइसीयू में भर्ती कर दिया गया। गुरुवार को मरीज की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे पहले दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की मौत हो गई। इसमें चंदन नगर निवासी 76 वर्षिय व्यक्ति और 63 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वहीं, एम्स ऋषिकेश में भी एक मरीज की मौत हुई। प्रदेश में अब तक कोरोना संक्रमित 101 मरीजों की मौत हो गई है। ऋषिकेश एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल ने बताया कि गुरुवार को 20 लोगों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आई है।

# महिलाओं और बालिकाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ें

**बैठक**

■ राज्यमंत्री रेखा आर्या ने दिए निर्देश

देहरादून। **संवाददाता**



महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रेखा आर्या ने गुरुवार को केंद्र एवं राज्य पोषित महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभिन्न जनपदों के जिला प्रोबेशन अधिकारियों से उन्होंने कहा कि जो महिलाएं, बालिकाएं और बालक समाज की मुख्यधारा में नहीं जुड़ पाए, उनके प्रति विभाग को विशेष संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है। इसके अलावा निराश्रित महिलाएं और अनाथ बच्चों के संबंध में चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

बैठक में कोरोना काल के दौरान विभाग की ओर से संचालित गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। विभिन्न जनपदों की ओर से सैनिटाइजिंग, फॉगिंग व दवाओं का छिड़काव, मास्क बनाने का कार्य, आइसोलेशन वार्ड बनाए जाने के अलावा कोविड के रोकथाम के लिए योगा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कहा कि स्टाफ व संवासिनियों को कोविड–19 के बचाव का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा राज्यमंत्री ने राजकीय शिशु सदन, बालगृह आदि स्थलों पर स्टाफ की ट्रेनिंग में संवेदनशीलता के विकास के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के संबंध में भी निर्देश दिए।

बच्चों में किस प्रकार सकारात्मक परिवर्तन किया जा सकता है, इसके बारे में संवेदनशीलता एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने को कहा। इस दौरान सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास सौजन्या, अपर सचिव मेजर योगेंद्र यादव, सीपीओ मोहित चौधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अंजना गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी विक्रम लाल नखोलिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### एनएसयूआइ ने नई शिक्षा नीति का किया विरोध

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के पुतले की शव यात्रा निकाली। जिसमें उनके द्वारा लिए गए अंतिम सेमस्टर की परीक्षा करवाने व नई शिक्षा नीति के विरोध में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन भी किया।

गुरुवार को कांग्रेस भवन से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के मार्गदर्शन के बाद एश्लेहॉल पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पुतला दहन किया गया। एनएसयूआइ के पदाधिकरी विकास नेगी और अजय रावत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षा व नई शिक्षा नीति लागू की जा रही है वह इस कोविड–19 महामारी में करवा पाना संभव नहीं है। देश में डेढ़ लाख से ज्यादा की केस आ चुके हैं, ऐसे में एक सितंबर के अंतिम वर्ष की परीक्षा करवाना विश्वविद्यालय और छात्र– छात्राओं के जीवन के साथ खिलवाड़ है। शीघ्र ही एमएचआरडी और केंद्र सरकार अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षा करवाने के फैसले को वापस लें।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।